# दुनिया ने देखी है भारत की साख और धाक

## शौर्य स्मारक में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 14 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े 12 वर्षों में दुनिया ने सामर्थ्यशाली भारत की साख और धाक देखी है. भारत सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर शौर्य स्मारक में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान सीएम ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के साथ वर्ष 2047 में हमारी आजादी की शताब्दी पूरी होगी, तब भारत सबसे शक्तिशाली और अग्रणी देश बनेगा. भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और युवा देश है.

यह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती का ही परिणाम है कि जमीन से जुड़ा व्यक्ति अपनी क्षमता-योग्यता के बल पर तीन बार राज्य का मुख्यमंत्री और तीन बार देश का प्रधानमंत्री बन पाता है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर हम सभी 9 अगस्त से 17 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के तहत 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं. पूरे प्रदेश में उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ सप्ताह भर तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं. देश की आजादी के लिए अपना बलिदान और योगदान देने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों पर प्रत्येक देशवासी को गर्व है. सभी देश और प्रदेशवासी आजादी के जश्न को पूरे जोश के साथ मनाएं.

### नागरिकों के लिए खुले सीएम हाउस के दरवाजे

प्रदेश में जन विश्वास अभियान शुरू कर राज्य सरकार अब आम लोगों तक सीधे पहुंच रही है. इस बीच अब आम नागरिकों के लिए सीएम हाउस और सीएम कार्यालय मंत्रालय के दरवाजे भी खुले रहेंगे. कौन अधिकारी किस दिन आम लोगों से मिलने की जिम्मेदारी निभाएंगे, इसके लिए नया रोस्टर तय किया गया है. तय रोस्टर के मुताबिक यदि सीएम उपस्थित नहीं हैं, तो अधिकारी उनकी उपस्थिति में आम लोगों से मुलाकात करेंगे और उनकी बातें समस्याएं और शिकायतें सुनेंगे. ये अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में होने वाली बैठकों, मुलाकातों सहित अन्य विषयों के संबंध में रोस्टर के मुताबिक मौजूद रहेंगे और मुख्यमंत्री के निर्धारित कार्यक्रम, बैठक में समन्वय कर अपना दायित्व निभाएंगे. सोमवार को मंत्रालय में सचिव डॉ. सुदाम खाड़े और समत्व में सचिव कौशलेन्द्र विक्रम सिंह कार्य संभालेंगे.

# 7 करोड़ के ड्रग्स के साथ 5 गिरफ्तार

## राजधानी में अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट का पर्दाफाश

**भोपाल, 14 अगस्त. मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ राजस्व खुफिया निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन क्रिस्टल डैगर के तहत एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है.**

अभियान में डीआरआई ने चार नाइजीरियाई नागरिकों और एक भारतीय महिला समेत पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है. अलग-अलग कार्रवाई में 8.6 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं. बरामद पदार्थों में बड़ी मात्रा में मेथैमफेटामाइन के साथ कोकीन और गांजा भी शामिल है. डीआरआइ को जानकारी मिली थी कि नई दिल्ली से बेंगलुरु जाने वाली ट्रेन के जरिए एक महिला तस्कर मादक पदार्थों की बड़ी खेप लेकर जा रही है. सूचना के बाद डीआरआइ अधिकारियों ने 11 अगस्त को भोपाल जंक्शन रेलवे स्टेशन पर निगरानी बढ़ाई और संदिग्ध महिला की पहचान कर उसे रोक लिया. महिला के पास मौजूद काले रंग के ट्रॉली बैग की तलाशी के दौरान अधिकारियों को एक गुप्त बॉक्स मिला. बॉक्स की कैविटी से भूरे रंग के टेप से सील किए गए छह प्लास्टिक पैकेट बरामद हुए. एनडीपीएस फील्ड-टेस्टिंग किट से जांच करने पर इनमें सफेद क्रिस्टलीय पदार्थ मेथैमफेटामाइन पाया गया.

### महिला के बाद 4 नाइजीरियाई को पकड़ा

महिला से पूछताछ के बाद डीआरआइ और केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) की संयुक्त टीम ने ग्रेटर नोएडा में मुख्य सप्लायरों के ठिकानों पर छापेमारी की. टीम को देखकर वहां मौजूद नाइजीरियाई नागरिकों ने खिड़की से कूदकर भागने की कोशिश की, लेकिन अधिकारियों ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया. तलाशी के दौरान वहां से 2.242 किलोग्राम मेथैमफेटामाइन, 50 ग्राम कोकीन और 25 ग्राम गांजा बरामद किया गया. कार्रवाई में चार नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया.

### एक नजर में

#### सीएम ने स्वतंत्रता दिवस पर दी शुभकामनाएं

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता की 80 वीं वर्षगांठ पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश को स्वतंत्र करवाने के लिए अपने जीवन का बलिदान करने वाले अनेक सेनानियों और राष्ट्र प्रेमियों का योगदान अविस्मरणीय रहेगा. स्वतंत्रता की वर्षगांठ पर ऐसे सभी बलिदानियों का स्मरण करते हुए राष्ट्र उन्हें आदरांजलि अर्पित कर रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हम सभी के लिए विशेष त्यौहार भी है, जो हमें आत्म-चिंतन, भविष्य की रूप-रेखा एवं प्रदेश के विकास में अपने योगदान को सुनिश्चित करने का अवसर प्रदान करता है.

#### 7वें दिन 7वें आसमान पर रहा प्रदर्शन जारी

**भोपाल.** नर्सिंग कॉलेजों में लगातार जारी फर्जीवाड़े और लाखों विद्यार्थियों के अधर में लटके भविष्य को लेकर नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन (एनएसओ) का गुस्सा सातवें दिन भी सातवें आसमान पर रहा. नर्सिंग काउंसिल भोपाल के सामने डटे छात्रों ने मध्य प्रदेश सरकार की 'ईमानदारी का शोक' मनाकर अनोखा और तीखा विरोध दर्ज कराया. संगठन ने साफ किया है कि जब तक शिक्षकों और फैकल्टी का फर्जीवाड़ा रोकने के लिए 'फैकल्टी मैनेजमेंट सिस्टम' लागू नहीं होता, तब तक सत्र 2026-27 के लिए कॉलेजों को मान्यता न दी जाए.

# महामारी प्रभावित गांवों में पहुंचे उमंग



विशेष संवाददाता

**बालाघाट, 14 अगस्त. मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने शुक्रवार को बालाघाट जिले के महामारी प्रभावित ग्राम कुण्डेकसा, बोनदारी और कोरका का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने अस्पताल में भर्ती बीमार बच्चों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली. सिंघार ने प्रभावित परिवारों से भी बातचीत की.**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से दूषित पानी और संक्रमण के कारण गांवों में बीमारी फैल रही है. ग्रामीणों ने दावा किया कि आसपास के गांवों में 19 बच्चों की मौत हो चुकी है और प्रशासन वास्तविक आंकड़े सामने नहीं ला रहा है. बैगा आदिवासी बहुल क्षेत्रों की स्थिति पर चिंता जताते हुए सिंघार ने प्रत्येक ग्रामीण, विशेषकर बच्चों की तत्काल स्वास्थ्य जांच कराने की मांग की. उन्होंने प्रभावितों को निःशुल्क उपचार, पर्याप्त पोषण और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की बात कही. उन्होंने मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने तथा कथित प्रशासनिक लापरवाही की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की. सिंघार ने आरोप लगाया कि सरकारी निष्क्रियता के कारण 19 आदिवासी बच्चों की जान गई और कहा कि प्राथमिकता राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाना होनी चाहिए.

# 2 दिन के विराम के बाद फिर बारिश के आसार

## चक्रवाती घेरे और मानसून ट्रफ के असर से बारिश का दौर तेज रहेगा

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 14 अगस्त. मध्यप्रदेश में मानसून फिर सक्रिय हो गया है. उत्तर-पश्चिमी मप्र पर बने चक्रवाती घेरे और मानसून ट्रफ के असर से शनिवार को कई जिलों में तेज से बहुत तेज बारिश होने की संभावना है.**



मौसम विभाग ने नर्मदापुरम के साथ उमरिया व छतरपुर में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है, रायसेन, सिंगरौली , सीधी, रीवा, मऊगंज, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी , कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा , सिवनी , मंडला, बालाघाट,पन्ना , सागर, टीकमगढ़ में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है. पूर्वी, महाकोशल और नर्मदापुरम संभाग के जिलों पर सबसे ज्यादा असर रहने का अनुमान है. मानसून ट्रफ इस समय उत्तर भारत से झारखंड और बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है. इसके साथ उत्तर-पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर ऊंचाई पर चक्रवाती घेरा सक्रिय है. बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और इन मौसमी सिस्टम के मिलेजुले असर से बादल बन रहे हैं. अगले 24 घंटे में कई जगह गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ सकती हैं.

### पिछले 24 घंटे में कहां बरसा पानी

बीते 24 घंटे में प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज हुई. सबसे ज्यादा 101.4 मिमी बारिश सिंगरौली में हुई. इसके बाद सिवनी में 97.4 मिमी, सतना में 95.2 मिमी और सीधी के कुसमी में 90.5 मिमी पानी बरसा. चुरहट में 60 मिमी, जबेरा में 57 मिमी, बरघाट में 56 मिमी और बिजाडांडी में 46.2 मिमी बारिश दर्ज की गई. पूर्वानुमान में सीधी और सिंगरौली जिलो में कहीं-कहीं भारी बारिश.

# स्वतंत्रता दिवस संविधान की रक्षा के संकल्प का दिन



विशेष संवाददाता

**भोपाल.** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने देशवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को नमन किया. उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन करने और संविधान, लोकतंत्र तथा सामाजिक सद्भाव की रक्षा के संकल्प को दोहराने का दिन भी है.

### स्वतंत्रता के मूल्यों की रक्षा के लिए युवा आगे आएं



**भोपाल.** स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष यश घनघोरिया ने प्रदेशवासियों, विशेषकर युवाओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की. घनघोरिया ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि आत्मचिंतन करने और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझने का दिन भी है.

### छह मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण

**भिण्ड.** जिले के मेहगांव क्षेत्र में कोडीनयुक्त कफ सिरप के नशे के रूप में दुरुपयोग की आशंका को लेकर औषधि विभाग ने मेडिकल स्टोरों पर औचक छापामार कार्रवाई की. औषधि निरीक्षक डॉ. आकांक्षा गरुड़ ने छह मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया. कार्रवाई की भनक लगते ही चार मेडिकल स्टोर संचालक दुकानें बंद कर चले गए. विभाग ने चार अलग-अलग दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए भोपाल स्थित औषधि प्रयोगशाला भेजने की कार्रवाई शुरू की है. औषधि निरीक्षक ने मुकेश मेडिकल स्टोर, महाकाल मेडिकल स्टोर, राठौर मेडिकल स्टोर, प्रेम मेडिकल स्टोर, जादौन मेडिकल स्टोर और रवि मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया.

# 2 घंटे में बंदियों ने बनाए सवा लाख शिवलिंग

विशेष संवाददाता

**इंदौर, 14 अगस्त . केंद्रीय जेल इंदौर में श्रावण मास के पावन अवसर पर 10 अगस्त को बंदियों ने आध्यात्मिक कार्यक्रम के दौरान महज दो घंटे में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग बनाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया. इस उपलब्धि को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में दर्ज किया गया.**



जेल में शिवलिंग स्थापना के पांचवें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, मध्यप्रदेश के महानिदेशक डॉ. वरुण कपूर और सौम्या कपूर ने प्रथम शिवलिंग बनाकर किया. कार्यक्रम में करीब 1,000 पुरुष और 51 महिला बंदियों ने सामूहिक रूप से भाग लिया और निर्धारित समय में लक्ष्य पूरा किया. जेल प्रशासन के अनुसार, आयोजन का उद्देश्य बंदियों में मानसिक शांति, सकारात्मक सोच, आत्मअनुशासन और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना था. आध्यात्मिक गतिविधियों के माध्यम से बंदियों के रचनात्मक पुनर्वास और समाज में सकारात्मक पुनर्स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं. कार्यक्रम में दिनेश नरगावे, इंदर सिंह नागर, संतोष कुमार लाड़िया और अभिषेक डांगी सहित जेल अधिकारी उपस्थित रहे.

### नाबालिगों से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**धार.** जिले में नाबालिग बालिकाओं के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को राजगढ़ पुलिस ने गुजरात के मोरबी और राजकोट से गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपियों पर नाबालिगों को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जाने और दुष्कर्म करने का आरोप है. पुलिस ने दोनों बालिकाओं को भी गुजरात से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया. राजगढ़ थाने में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में नाबालिग बालिकाओं के लापता होने के बाद पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की थी. महिला पुलिस अधिकारी ने बालिकाओं के बयान दर्ज किए, जिसमें उन्होंने आरोपियों पर शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोप लगाए.



# भोपाल मंडल तिरंगे की रोशनी से जगमगाया

**भोपाल, 14 अगस्त. देश के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में राष्ट्रभक्ति एवं उत्सव का वातावरण देखने को मिल रहा है. स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भोपाल मंडल कार्यालय, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन एवं भोपाल रेलवे स्टेशन को आकर्षक एवं रंगीन विद्युत रोशनी से सजाया गया, जिससे इन प्रमुख रेलवे परिसरों की भव्यता देखते ही बन रही है.**

रंग-बिरंगी रोशनी से सजे रेलवे भवन एवं स्टेशन परिसर तिरंगे के रंगों में देशभक्ति का संदेश देते हुए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं. स्टेशन से गुजरने वाले यात्रियों तथा आमजन में भी इन आकर्षक विद्युत सज्जाओं को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भोपाल मंडल द्वारा 15 अगस्त 2026 को डीआरएम परिसर में सुबह 9 बजे मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा. समारोह में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, परेड निरीक्षण, सलामी, महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे के संदेश का वाचन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

मुख्य समारोह के पश्चात रेल संस्थान, भोपाल में ध्वजारोहण एवं अन्य कार्यक्रम होंगे. इसके बाद वोट क्लब, भोपाल में रेलवे इंजन पर ध्वजारोहण किया जाएगा. स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर की गई आकर्षक विद्युत सजावट और 15 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से भोपाल मंडल द्वारा राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता, गौरव एवं देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया जा रहा है. तिरंगे की रोशनी में सजे रेलवे परिसर स्वतंत्रता दिवस के उल्लास और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक जीवंत बना रहे हैं.

### 17 अगस्त से बंद रहेगा चोपड़ा फाटक

भोपाल. निशातपुरा-सुखी सेवनिया रेलखंड के बीच किलोमीटर 844/8-10 पर स्थित समपार फाटक संख्या 255 (चोपड़ा फाटक) को रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के चलते 17 अगस्त से यातायात के लिए बंद कर दिया जाएगा. फाटक बंद रहने के दौरान वाहन चालकों और आमजन के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है. यातायात चोपड़ा नाला-खेजरा बारामत अंडरपास और भोपाल बाईपास के रास्ते संचालित किया जा सकेगा.

### सुशासन को अधिक प्रभावी बनाने कार्यसमूह का गठन

**भोपाल.** राज्य में सुशासन को अधिक प्रभावी बनाने व नागरिकों को शासकीय सेवाएं निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों में प्रचलित लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन्स एवं क्लियरेंस के संबंध में सुझाव देने के लिए राज्य शासन ने वित्त विभाग के सचिव लोकेश जाटव की अध्यक्षता में कार्यसमूह का गठन किया है. सामान्य प्रसासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में अवि प्रसाद सीईओ मप्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद, आशिष वशिष्ठ प्रबंध संचालक, मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम, सुधीर कोचर उप सचिव,मुख्यमंत्री कार्यालय, सिद्धार्थ जैन उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, अंशुमन राज परियोजना निदेशक, मप्र स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क एमपी-स्वान सदस्य होंगे.

# 20 अधिकारियों-कर्मचारियों को मैडल

### 4 को राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक

**भोपाल, 14 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने पुलिस सेवा में उतकृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पदकों की घोषणा की है. मध्य प्रदेश के 20 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा. इनमें 4 अधिकारियों को राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक और 16 को सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया जाएगा.**





पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने पदक के लिए चयनित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट कार्य और सेवाओं की सराहना की है. इन पदकों का वितरण अगले वर्ष 15 अगस्त 2027 को स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान किया जाएगा.

#### इन्हें मिलेगा राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक

- -पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार पाण्डेय
- -पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह
- -निरीक्षक अनिल कुमार भदौरिया
- -आरक्षक राज लोचन प्रसाद दुबे

#### 16 पुलिसकर्मियों को मिलेगा सराहनीय सेवा पदक

पुलिस उप महानिरीक्षक सिमाला प्रसाद, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भगवानी, निरीक्षक हरनारायण जायसवाल, निरीक्षक विजय चौधरी, निरीक्षक अमित जैन, निरीक्षक अनीता कदम, निरीक्षक रजनी तिवारी, उप निरीक्षक डॉ. संतोष यादव, सहायक उप निरीक्षक दिनेश चंद नागर, सहायक उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह बैस, प्रधान आरक्षक भास्कर प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक भाग सिंह तोमर, प्रधान आरक्षक सत्य नारायण यादव, आरक्षक संतोष कुमार नायक, आरक्षक संतोष कुमार परिहार शामिल हैं.



# पुलिस ने लौटाए 1,808 मोबाइल

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 14 अगस्त. मध्यप्रदेश पुलिस ने गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की तलाश के लिए तकनीकी निगरानी, सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल और साइबर सेल की मदद से अभियान तेज किया है.**

पिछले दो सप्ताह में प्रदेशभर में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 1,808 मोबाइल फोन और एक टैबलेट बरामद किया. बरामद उपकरणों की कुल कीमत 3.47 करोड़ रुपये से अधिक है. सभी उपकरण उनके वास्तविक मालिकों को वापस किए गए.

छिंदवाड़ा पुलिस ने सर्वाधिक 501 मोबाइल फोन बरामद कर लौटाए, जिनकी कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है. ग्वालियर में 451 फोन, 1.03 करोड़ रुपये मूल्य के बरामद हुए. छतरपुर में 'ऑपरेशन विश्वास' के तहत 276, दतिया में 173, जबलपुर में 134 और सागर में 112 मोबाइल बरामद किए गए.

योजना ▶ मध्यप्रदेश में 4.50 करोड़ से अधिक बने आयुष्मान कार्ड

# व्हाट्सएप के जरिए बनाये आयुष्मान कार्ड

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 14 अगस्त. मप्र सहित देश भर में आयुष्मान भारत योजना को हर पात्र नागरिक तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने प्रक्रिया को बेहद आसान बना दिया है. अब प्रदेशवासियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने या योजना से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे.**





शासन ने आयुष्मान सारथी के रूप में एक विशेष व्हाट्सएप नंबर जारी किया है, जिसके माध्यम से घर बैठे ही मोबाइल पर सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी. बता दें प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना का दायरा तेजी से बढ़ा है. नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अब तक 4 करोड़ 50 लाख 26 हजार 417 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं. जिसके तहत अब तक 80 लाख 90 हजार 702 लोग इसका लाभ भी ले चुके हैं. जिसके लिए प्रदेश में इस योजना के तहत कुल 1 हजार 140 सम्बद्ध शासकीय और 816 सम्बद्ध निजी चिकित्सालय जुड़े हुए स्थापित हैं. जहां से मरीज योजना के तहत अपना इलाज करा सकते हैं.

### आयुष्मान सारथी से मिल रहा लाभ

नागरिक अपने मोबाइल में व्हाट्सएप नंबर 7290823838 सेव कर अपनी समग्र आईडी या आधार नंबर दर्ज कर तुरंत जांच सकते हैं, कि परिवार योजना के लिए पात्र है या नहीं. लोग घर बैठे आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवश्यक ई-केवाईसी प्रक्रिया और ऐप की सीधी लिंक भी प्राप्त कर सकते हैं. साथ ही अपने जिले और आसपास स्थित योजना से सम्बद्ध सरकारी व निजी अस्पतालों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. वहीं इलाज के दौरान आ रही दिक्कतों या योजना से जुड़ी शिकायतों का ऑनलाइन समाधान पाया जा सकता है.

### खुद ऐसे करें आवेदन

व्हाट्सएप पर सहायता लेने के साथ-साथ नागरिक गूगल प्ले स्टोर से आयुष्मान ऐप डाउनलोड कर सकते हैं. ऐप में बेनेफीशियरी नाम का विकल्प चुनकर मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद समग्र आईडी या आधार के जरिए लॉगिन करें. इसके बाद परिवार के सदस्यों के नाम सामने आने पर आधार ओटीपी या फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से ई-केवाईसी पूरी कर तुरंत आयुष्मान कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं.

### मादक पदार्थों में कमी लाने योजना तैयार होगी

**भोपाल.** राज्य शासन द्वारा मादक पदार्थों की मांग में कमी लाने के लिए तीन वर्षीय कार्य-योजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के साथ ही निरंतर निगरानी, अंतर्विभागीय समन्वय और नियमित समीक्षा के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय संचालन एवं निगरानी समिति का गठन किया गया है. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव गृह, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण, महिला एवं बाल विकास, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास तथा जनसम्पर्क विभाग सदस्य होंगे.